ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 15-06-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-06-15 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-06-16	2021-06-17	2021-06-18	2021-06-19	2021-06-20
वर्षा (मिमी)	5.0	20.0	15.0	8.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	32.0	31.0	33.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	22.0	23.0	24.0	23.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	90	85	85	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	55	50	50	45
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	12.0	14.0	12.0	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	4	4	6	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (8 – 14 जून, 2021) में 7.6 मिमी वर्षा होने व आसमान मेआंशिक से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 27.0 से 38.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 19.9 से 27.3 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 60 से 98 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 47 से 71 प्रतिशत एवं हवा 3.6 से 13.5 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 31.0 से 33.0 व 22.0 से 24.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। | ईआरएफएस के अनुसार, 20 से 26 जून के दौरान राज्य में वर्षा व न्यूनतम तापमान सामान्य एवम् अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.1-0.3 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में अधिक नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है। आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए अभी रसायनों का छिड़काव न करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	बासमती तथा सुगधिंत धान की किस्मो जैसे- टाइप-3, तरावड़ी बासमती, पूसा बासमती-1, पंत सुगंध धान-17, 21, पी0 आर0 एच0 10 आदि की पौध 15 जून से 30 जून तक अवश्य डालें। धान की जल्दी पकने वाली बौनी किस्मों-गोविन्द, नरेन्द्र 118, नरेन्द्र 97, साकेत 4, पंत संकर धान 1 आदि की पौध 20 जून तक डाल सकते है।
मक्का	तराई क्षेत्र में मक्का की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गन्ना	मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए, अभी गन्ने की फसल में सिंचाई न करें।
मूँगफली	मूँगफली की उन्नतशील प्रजातियों टा0 64, चन्द्रा, कौशल, प्रकाश, अम्बर आदि की बुवाई जून के दूसरे पखवाड़े में करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान मे रखकर मिर्च की बुवाई करें।
करेला	किसान भाई इस माह करेले की बुवाई भी कर सकते है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भैंस	1)मानसून की पहली बारिश में पशुओं कों न भीगने दें ताकि उन्हें त्वचा सम्बन्धित विकार न उत्पन्न हो। 2)पहली बारिश के बाद पशुओं को चरागाहों में चरने हेतु न छोड़े क्योंकि पहली बारिश के समय पानी की बूंदो के जमीन पर गिरने से धूल व मिट्टी छिटककर घास की पत्तियों पर पड़ जाती है जो पशुओं के पेट पर जाने से दर्द अथवा अन्य संक्रमण का कारण बन जाता है।